# कंप्यूटर ऑपरेटर रिश्वत लेते पकड़ाया

## नगर परिषद में संबल योजना की सहायता राशि निकलवाने मांगे थे 20 हजार रुपए

**नीमच, 1 सितंबर. जिले के जीरन में लोकायुक्त टीम ने नगर परिषद के कंप्यूटर ऑपरेटर को 7 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है. आरोपी चैनसुख बैरागी ने संबल योजना के तहत मृतक की 2 लाख सहायता राशि के लिए 20 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी.**

रिश्वत लिए रुपए आरोपी के बेडरूम में पलंग के गद्दे के नीचे से बरामद हुए हैं. शिकायतकर्ता भरत कुमार भट्ट की मां सागर बाई का स्वर्गवास 20 मई 2024 को हुआ था. उन्होंने मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के तहत सहायता राशि के लिए आवेदन किया था.



भरत कुमार ने 18 अगस्त को लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक आनंद यादव के पास शिकायत दर्ज कराई. जांच में मांग प्रमाणित पाई गई. आरोपी ने पहली किश्त के रूप में 7 हजार रुपए मांगे. लोकायुक्त टीम ने ट्रैप लगाया और आरोपी को उसके निवास पर रिश्वत लेते पकड़ा.

### तहसील का बाबू रिश्वत लेते गिरफ्तार

**रीवा, 1 सितम्बर,** रीवा जिले के रायपुर कर्चुलियान तहसील कार्यालय में पदस्थ लिपिक को दो हजार की रिश्वत लेते सोमवार की दोपहर लोकायुक्त पुलिस ने गिरफ्तार किया. नक्शा तरमीम कराने के एवज में रिश्वत ली गई थी. आरोपी के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक सिरखिनी निवासी चन्द्रकांत पाण्डेय ने लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय रीवा में शिकायत की थी कि नक्शा तरमीम कराने का आदेश करने के लिये लिपिक द्वारा दो हजार की रिश्वत मांगी जा रही है. शिकायत के बाद मामले की जांच की गई तो शिकायत सही पाई गई. जिसके बाद एसपी सुनील पाटीदार ने टीम गठित कर आरोपी के रंगे हाथ पकडने की योजना बनाई. सोमवार की दोपहर नायब तहसीलदार कक्ष वृत्त पहडिया तहसील कार्यालय में लिपिक देवेन्द्र साकेत को दो हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया. आरोपी जैसे ही अपने कक्ष में रिश्वत ली उसी समय लोकायुक्त की टीम ने धरदबोचा. आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है.

## भाजपा पदाधिकारियों की घोषणा

**बैतूल.** भाजपा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से बैतूल भाजपा जिला पदाधिकारी की घोषणा की गई. इसमें राजेन्द्र मालवीय को उपाध्यक्ष, जगदीश पंवार उपाध्यक्ष, देवीसिंह ठाकुर उपाध्यक्ष, रश्मि साहू उपाध्यक्ष, नरेन्द्र गढेकर उपाध्यक्ष, इंद्रपाल पुण्डे उपाध्यक्ष, नरेश फाटे उपाध्यक्ष, कांतिलाल यादव उपाध्यक्ष, कमलेश सिंह को महामंत्री, कृष्णा गायकी महामंत्री, डॉ. महेन्द्रसिंह चौहान महामंत्री, भैयालाल इरपाचे को मंत्री, वर्षा गढेकर मंत्री, संजय सूर्यवशी मंत्री, उर्मिला उइके मंत्री, रोशनी विशाल ठाकुर मंत्री, सोनू सुनील भलावी मंत्री, लता प्रमोद धोटे मंत्री, सुनीता बेले मंत्री, अतीत पंवार को सह कार्यालय मंत्री, सुधा चंद्रा कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया.

# बाल्टी से पीटकर व्यवसायी की हत्या

▶ पति-पत्नी के विवाद में बीच बचाव करने पहुंचा था मृतक



**सिंगरौली 1 सितम्बर. पति-पत्नी के विवाद में एक ईटा व्यवसायी यानी मालिक को महंगा पड़ गया. आरोपी ने ईटा व्यवसायी को बाल्टी से पीट-पीट कर हत्या कर दी. यह घटना नवानगर थाना क्षेत्र के ग्राम नंदगांव की है.**

जानकारी के अनुसार थाना जियावन क्षेत्र क ग्राम सरौंधा निवासी मंगल सिंह गोड़ अपनी पत्नी गुड्डन के साथ बतौर मजूदर के रूप में नवानगर थाना क्षेत्र के नन्दगांव स्थित छोटे कुशवाहा ईट संचालक के भट्ठा में कार्य कर रहा था. जहां शराब के नशे में धुत्त होकर आये दिन अपनी पत्नी गुड्डन के साथ मारपीट करता आ रहा था रविवार की रात करीब 11 बजे कमरे के बाहर गुड्डन झाडू लगा रही थी और मंगल सिंह कमरे में शराब पी रहा था. किसी बात को लेकर आरोपी मंगल बाहर आया और अपनी पत्नी को मारने लगा. शोर-शराबा, हल्ला-गुहार व चीख-पुकार सुन कर ईट प्लांट के मालिक छोटे कुशवाहा स्थल पहुंच मंगल सिंह को समझाने लगा और जब वह नही माना तो छोटे कुशवाहा एवं अन्य मजदूर मिल कर मंगल सिंह का हाथ बांध दिये. छोटे कुशवाहा वहीं बैठा रहा. अन्य मजदूर अपने कमरे में चले गये. आरोपी मंगल सिंह हाथ छोड़ा लिया और वही रखी स्टील बाल्टी से छोटे कुशवाहा पर हमला बालते हुये गंभीर रूप से घायल कर दिया. चीख-पुकार सुन कर अन्य मजदूर भी आये, लेकिन तब तक अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी भाग खड़ा हुआ. वहीं गंभीर रूप से घायल ईटा प्लांट मालिक छोटे कुशवाहा की मौत हो गई.

## पब से लौटते ही युवकों पर बदमाशों का हमला

**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र के मार्क क्लब से पार्टी कर लौट रहे युवकों पर देर रात बदमाशों ने घात लगाकर हमला कर दिया. चाकू से हुए वार में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे आईसीयू में भर्ती कराया. मामले में पुलिस जांच कर रही है. फरियादी गोविंदा भाटी और प्रसिद्ध भाटी क्लब से बाहर निकल रहे थे, तभी अलीराजपुर निवासी बदमाश शिवम डुड़वे, प्रशांत डुड़वे, प्रदीप चौहान, लकी डाबर और उनके साथियों ने घेरकर विवाद शुरू कर दिया. विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने दोनों को बेरहमी से पीटा और गोविंदा को जमीन पर गिराकर चाकू से सिर, आंख और नाक के पास वार कर लहूलुहान कर दिया.

# हाईवे पर रेत से फिसला शिक्षक, ट्राले ने कुचला

**एनएच 30 मार्ग में अंजनिया चौकी क्षेत्र में दर्दनाक हादसा**

**मंडला, 1 सितंबर. अंजनिया चौकी क्षेत्र के नेशनल हाईवे 30 मार्ग में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक शिक्षक की मौत हो गई. बाइक पर सवार शिक्षक रेत से फिसलने के बाद अनियंत्रित होकर एक ट्रॉले की चपेट में आ गया. जिससे शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई.**

यह सड़क हादसा अंजनिया के अहमदपुर चौराहा से 200 मीटर पहले पुरानी बंजी रोड के पास सुबह करीब 10.40 बजे हुआ. मृतक की पहचान 59 वर्षीय राजकुमार झारिया के रूप में हुई है,



जो अंजनिया निवासी थे और ग्राम बघरौड़ी में प्राथमिक शाला में शिक्षक थे. शिक्षक राजकुमार घर से स्कूल जा रहे थे. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हाईवे पर बिखरी हुई रेत के कारण उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वे पीछे से आ रहे एक ट्रॉले के पहिए के नीचे आ गए. हालांकि उन्होंने हेलमेट पहन रखा था, लेकिन सिर पर पहिया चढ़ने के कारण उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया.

घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में मातम छा गया. ग्रामीणों ने इस हादसे को लेकर भारी आक्रोश है. उनका कहना है कि क्षेत्र में अवैध रेत के परिवहन के दौरान ट्रैक्टरों से हाईवे पर रेत बिखेर दी जाती है, जिससे कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं. ग्रामीणों ने बताया कि तीन दिन पहले ही उन्होंने इस बारे में स्थानीय प्रशासन को सूचित किया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. अंजनिया, मांद, खामटीपुर, नारा-दिवारा सहित कई गांवों से हो रहे अवैध रेत परिवहन पर रोक लगाने की मांग की है. उनका कहना है कि जब तक इस पर लगाम नहीं लगती, ऐसे हादसे होते रहेंगे.

# उज्जैन में कांग्रेस का आरोप, भाजपा की गुंडागर्दी

▶ भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय जा रहे थे

**उज्जैन, 1 सितंबर. मुख्यमंत्री के गृहक्षेत्र उज्जैन में राजनीतिक टकराव नए स्तर पर पहुंच गया है. कांग्रेस ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर खुलेआम गुंडागर्दी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस और प्रशासन ने पक्षपाती रवैया अपनाकर लोकतांत्रिक मूल्यों को कलंकित किया.**

कांग्रेस का कहना है कि बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन की गरिमा को इस हिंसक राजनीति ने धूमिल कर दिया है. घटना उस समय हुई जब बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस



कार्यालय की ओर कूच कर रहे थे. कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने भीड़ को रोकने के बजाय भाजपा के एजेंट की तरह काम किया और बैरिकेडिंग सिर्फ औपचारिकता रह गई.

तराना विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) महेश परमार और शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रतिरोध किया. पार्टी सूत्रों के अनुसार, नारेबाजी और तनावपूर्ण माहौल के बावजूद कांग्रेस का अनुशासित प्रतिरोध भाजपा की साजिशों को नाकाम करने में सफल रहा.

### तोड़फोड़ की थी मंशा

महेश परमार ने कहा, जब पुलिस भाजपा कार्यकर्ताओं की तरह बर्ताव करने लगे, तो लोकतंत्र का अपमान होता है. हमने संविधानिक मूल्यों और गांधी के आदर्शों की रक्षा के लिए डटकर मुकाबला किया. कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा की मंशा हिंसा भड़काने और कांग्रेस कार्यालय में तोड़फोड़ कर आगजनी करने की थी. इस दौरान भाजपा की रैली में उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक कालुखेड़ा, नगर निगम महापौर, सभी पार्षद, निगम अध्यक्ष और यहां तक कि मुख्यमंत्री की बहन कलावती यादव भी मौजूद थीं.

# असामाजिक तत्वों ने की मूर्ति से छेड़छाड़

## हिंदू संगठनों ने जताया रोष, समिति ने थाने में दिया आवेदन

**सुसनेर, 1 सितंबर. रविवार शाम को सुसनेर में खेड़ा पर स्थित हटीले हनुमान मंदिर में विराजित हनुमान जी की मूर्ति के साथ कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा छेड़छाड़ किए जाने का मामला सामने आया है. यहां असामाजिक तत्वों ने मूर्ति के साथ ही मन्दिर में रखे सामान को अस्त-व्यस्त कर दिया है.**

सूचना मिलने के बाद पुलिस भी सक्रिय हुई और मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी हासिल की. उसके बाद रात साढ़े 8 बजे मंदिर समिति व हिन्दू संगठनों ने बड़ी संख्या में थाने पर पहुंचकर अज्ञात लोगों के विरुद्ध शिकायती आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है. आवेदन में मंदिर समिति ने बताया कि ट्यूबवेल का खेड़ा कस्बा सुसनेर में उमरिया रोड पर हटीले हनुमान जी का प्राचीन मंदिर है. जहां पर पंडित गौतम शर्मा नियमित रूप से पूजा पाठ करते हैं. रविवार शाम करीब 6 बजे मंदिर में हुई घटना से पंडित गौतम शर्मा ने मंदिर समिति को अवगत कराया.

### इनका कहना है

खेड़ा स्थित हटीले हनुमान मंदिर की घटना को लेकर समिति ने आवेदन दिया है. पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है.

– **केशर राजपूत,** थाना प्रभारी

मंदिर समिति से जुड़े रवि लोहार ने बताया कि वे रविवार सुबह 10 बजे ही मंदिर में पूजा पाठ कर हनुमान जी की मूर्ति पर चोला चढ़ाकर गए थे. उस समय मूर्ति सही सलामत थी, लेकिन शाम की पूजन करने आए, तो देखा किसी ने हनुमान जी की मूर्ति को खंडित कर दिया है तथा चोला व पूजन सामग्री, हनुमान जी की गदा को मंदिर के पास नाले में फैंक दिया. इस घटना से हिन्दू धर्म के लोगों की भावना ठेस पहुंचाकर धार्मिक भावना आहत की गई है. समिति ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है.

# डकैती डालने वाले सरगना और साथी बिहार से गिरफ्तार

**लूटे 14 किलो 875 ग्राम सोने में से 3 किलो जब्त**

**जबलपुर, 1 सितंबर. खितौला स्थित इसाफ स्माल फाइनेंस बैंक में 11 अगस्त को डकैती डालकर 14 किलो 875 ग्राम सोना और 5, लाख 8 हजार रूपए लूटकर ले जाने के मामले में पुलिस ने डकैत से 3 किलो सोना जब्त किया है.**

पकड़े गए आरोपियों में राजेश दास उर्फ आकाश दास 38 वर्ष, निवासी गया, बिहार, सदस्य इंद्रजीत दास उर्फ सागर दास 26 वर्ष, निवासी गया, बिहार को पकड़ लिया है.उनसे 3 किलो सोना और 50 हजार रुपए नगद



जप्त किए. उल्लेखनीय है कि पकड़ा गया आरोपी राजेश दास उर्फ आकाश दास एक दुर्दात अपराधी है जिसने बिहार के जिला गया, सासाराम, जमुई, पुरुलिया रोहतास, गिरडी, छत्तीसगढ़ के जिला रायगढ़ के बैंक में लूट, डकैती के 12 अपराध पंजीबद्ध है. वह 18 जून 2025 को ही रायगढ़ जेल से छूटा था.

# हत्या के मामले में 6 को आजीवन कारावास

**रीवा में सात साल पहले हुई थी हत्या**

**रीवा, 1 सितम्बर. गुढ़ थाना अन्तर्गत हत्या के मामले में विशेष न्यायालय अष्टम अपर सत्र न्यायाधीश रीवा द्वारा आरोपियो को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और अर्थदण्ड से भी दंडित किया गया है.**

सात वर्ष पूर्व हुए हत्या कांड में 6 आरोपियो में से दो महिला और चार पुरूष शामिल है, जिन्हे आजीवन कारावास की सजा मिली. जनसंपर्क अधिकारी विक्रम दुबे एडीपीओ रीवा ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 अक्टूबर 2018 को फरियादी अशोक कुमार कोरी पिता



शिवदास कोरी निवासी पूर्वा थाना गुढ आकर इस आशय की रिपोर्ट दर्ज करवाई कि जमीनी विवाद के प्रकरण में आरोपीगण पंचमलाल कोरी, रामावतार कोरी, दशई कोरी, मनबोध कोरी, देववती कोरी, पार्वती कोरी एवं एक बाल अपचारी 19.10.2018 को दोपहर घर में घुसकर सभी एकराह होकर फर्सा, कुल्हाडी, लाठी से मारपीट करने लगे तथा घर से अंदर से खीचकर बाहर निकालकर शिवप्रसाद कोरी, कल्पना कोरी, बलराम कोरी के साथ मारपीट किए है. रामावतार कोरी ने फर्सा से एवं अन्य आरोपीगणों ने ईट व लाठी से मारपीट किए जिससे शिवप्रसाद कोरी को गंभीर चोटे आई और इलाज के दौरान एसजीएमएच रीवा में शिवप्रसाद कोरी की मृत्यु हो गई. जिस पर पुलिस द्वारा अप.क्र. 280/2018, अंतर्गत धारा 323, 294, 506, 302, 147, 148, 149, 452, 336 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था. शेष विवेचना पूर्ण होने पर अभियोग पत्र न्यायालयमें पेश किया. दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय- अष्टम अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई एवं अर्थदण्ड से दंडित किया गया.

# बिना नंबर की गाड़ी से शराब तस्करी, बीयर-देशी शराब जब्त

**पिपलियामण्डी, 1 सितंबर. थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी बिना नंबर की काले रंग की हुंडई वर्ना कार में शराब भरकर परिवहन कर रहा था. उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि कित्तुखेड़ी की तरफ से एक व्यक्ति कार में अवैध शराब लेकर झाड़ा की ओर आ रहा है.**

सूचना पर टीम ने तुरंत नाकाबंदी की और कित्तुखेड़ी फंटा पर कार को रोकने का प्रयास किया. पुलिस को देखते ही चालक कार भगाने लगा, लेकिन उसे पकड़ लिया गया. पूछताछ में चालक ने अपना नाम कमल सिंह पिता भंवर सिंह सौंधिया राजपूत उम्र 49 साल निवासी ग्राम ढाबला बताया. तलाशी लेने पर कार की डिक्की से 7 पेटी बीयर (कुल 168 कैन, 84 लीटर) और 3 पेटी देशी मसाला शराब (150 क्वार्टर, 27 लीटर) मिली. बरामद शराब की कुल मात्रा 111 लीटर और कीमत लगभग 40,200 रुपए बताई गई. आरोपी कमल सिंह शराब के परिवहन संबंधी कोई लाइसेंस या परमिट प्रस्तुत नहीं कर सका. पुलिस ने पंचान की मौजूदगी में शराब और कार को जप्त कर लिया. कमल सिंह के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया.

# कांग्रेस-भाजपा के बीच टकराव टला, फूंका राहुल का पुतला

## पुलिस के सख्त प्रबंधों के चलते कांग्रेस भवन तक नहीं पहुंच सके भाजपाई, गेट पर बनी हंगामे की स्थिति

**ग्वालियर, 1 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गाली दिये जाने के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्वालियर में कांग्रेस कार्यालय के बाहर उग्र विरोध प्रदर्शन किया. इस बीच हंगामे की स्थिति बन गयी. एक ओर भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया.**

वहीं दूसरी ओर कांग्रेस कार्यकर्त्ता वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगा रहे थें. भाजपा ने कल ही कांग्रेस दफ्तर पर प्रदर्शन करने का ऐलान कर दिया था जिसके बाद कांग्रेस कार्यकर्त्ता भी तैयार थे. इधर, पुलिस ने हंगामे एवं दोनों दलों के दरम्यान टकराव की आशंका को देखते हुए कल रात से



ही कांग्रेस कार्यालय को चारों ओर से बेरीकेड्स लगाकर घेर लिया था. भाजपा और महिला मोर्चा के कार्यकर्त्ता दोपहर में रैली के रूप में कांग्रेस कार्यालय के सामने पहुंचे और राहुल गांधी के साथ ही जीतू पटवारी के खिलाफ नारेबाजी कर दिया. राहुल गांधी, जीतू पटवारी का पुतला दहन किया गया. इस बीच डीडी मॉल की ओर से कांग्रेस कार्यकर्त्ता भी वहां पहुंच गये. कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्त्ताओं के आमने -सामने आने पर हंगामे की स्थिति बन गयी. पुलिस दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के बीच दीवार बनकर खड़ी हो गई.

कांग्रेस दफ्तर के बाहर का इलाका दोपहर तक किसी अखाड़े की तरह लगने लगा था. एक तरफ भाजपा कार्यकर्ताओं का हुजूम, झंडे व नारेबाजी, तो दूसरी तरफ कांग्रेस के कार्यकर्ता मानो जैसे कोई जंग का मैदान. जैसे ही भीड़ बढ़ी, वैसे ही तनाव हवा में घुलता चला गया. कांग्रेस दफ्तर के चारों ओर बैरिकेड्स खड़े कर दिए गए थे, सड़कों पर जवान तैनात थे और अफसर खुद मौके पर मौजूद थे. नारेबाजी लगातार तेज होती रही. कभी भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस के खिलाफ हुंकार भरते, तो कभी कांग्रेस समर्थक पलटवार करते.

# नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला शिक्षक गिरफ्तार

**निवास, 1 सितंबर. थाना निवास पुलिस ने नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले शिक्षक को मात्र 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है. पुलिस की तत्परता और गंभीरता से की गई कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है.**

मिली जानकारी के अनुसार 27 अगस्त की दोपहर करीब 2 बजे विद्यालय में पदस्थ शिक्षक ने छात्रा को जबरन गले लगाकर अशोभनीय व्यवहार किया. छात्रा ने इसकी शिकायत थाना निवास में दर्ज कराई.

शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज करते हुए भारतीय न्याय संहिता, पॉक्सो अधिनियम तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया. एसडीओपी निवास के मार्गदर्शन में गठित विशेष टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की और उसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल मंडला भेजा गया.

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक वर्षा पटेल, सहायक उप निरीक्षक अरुण आर्मो, आरक्षक रोहित कुमार कुशवाहा, हरवंश ठाकुर, सुरेश भटेरे, सूर्यचंद बघेल और अजय यादव की विशेष भूमिका रही.

**समस्या** ▶ हवा-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित, छात्र हो रहे परेशान

# पीएम एक्सीलेंस कॉलेज बेहाल, छत का प्लास्ट गिरा

**सीधी 1 सितम्बर. पीएम एक्सीलेंस कालेज का हाल बेहाल है. हवा-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं से छात्र जूझ रहे हैं. जिले के स्वशासी शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय का प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस नाम तो बदला लेकिन समस्याएं दूर नहीं हुई.**

पीएम एक्सीलेंस कॉलेज सीधी के पुराने कॉलेज भवन में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं सुविधाओं के लिए मोहताज हो रहे हैं. पेयजल, शौंचालय, फर्नीचर, पंखे की समस्या बनी




हुई है. जर्जर भवन के साथ खेल मैदान भी अस्त-व्यस्त है. अध्ययनरत छात्रों के द्वारा कॉलेज प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए कहा गया कि पीएम एक्सीलेंस का सिर्फ नाम है पीएम एक्सीलेंस कॉलेज जैसा यहां कुछ भी नहीं दिखता है. छात्र-छात्राओं के लिए कुछ भी बेहतर नहीं है क्लास में ब्लैक बोर्ड तक नहीं है, पंखे जले हुए हैं. इसके अलावा पेयजल की कोई सुविधा नहीं है, शौंचालय उपयोग लायक तक नहीं है. चारों तरफ से समस्याओं का अंबार है. छात्र-छात्राएं जब भी इस संबंध में कॉलेज प्रबंधन से बात करते हैं तो सिर्फ उसे शिकायत मान लिया जाता है. कॉलेज में वाटर कूलर लगा है लेकिन यह सिर्फ सुंदरता बढ़ा रहा है, पानी नहीं निकलता है.

### छात्रों की जुबानी, कॉलेज के दुर्दशा की कहानी

कॉलेज में किसी तरह की व्यवस्था नहीं है. पीने के लिये पानी घर से लाना पड़ता है. शौंचालय की सुविधा ना होने से प्रसाधन के लिये बाहर जाना पड़ता है. क्लासरूम में कई पंखे बंद हैं, गर्मी में छात्रों की काफी फजीहत होती है. कई बार समस्या पर बताया गया पर कोई सुनवाई नहीं होती.

– **आयुष सिंह चौहान**, छात्र, बीकॉम प्रथम वर्ष

कालेज में पेयजल की व्यवस्था ना होने से पानी घर से लाना पड़ता है. क्लासरूम की व्यवस्था भी सही नहीं है. छात्रों की संख्या ज्यादा है और बैठने के लिये कुर्सी कम हैं. ऐसे में एक कुर्सी में कई बच्चों को बैठना पड़ता है. जो छात्र पीछे बैठते हैं उनको कुछ सुनाई नहीं देता.

– **आयुष कुमार गुप्ता**, छात्र, बीकॉम प्रथम वर्ष

कॉलेज की व्यवस्था बदहाल है. पेयजल, प्रसाधन की सुविधा नहीं है. वहीं पंखे नहीं चलने से गर्मी के कारण छात्रों को काफी परेशानी होती है. कई बार प्राध्यापकों से बात की गई, जिस पर कोई सुनवाई नहीं होती.

– **अमन गुप्ता,** छात्र, बीकॉम प्रथम वर्ष

# पुराने विवाद को लेकर युवक पर चाकू से किया हमला

**रूपनगर इलाके में देर रात दो पक्षों में हुआ झगड़ा**

**इंदौर 1 सितंबर. एरोड्रम थाना क्षेत्र के रूपनगर इलाके में देर रात पुराने विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए. पहले गाली-गलौज हुई और फिर बात इतनी बढ़ी कि एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया. हमले में युवक लहूलुहान हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया है.**

दुर्गानगर निवासी त्रिलोक पिता जीवनसिंह की रिपोर्ट पर आरोपी वरुण उर्फ डमरू मराठा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. फरियादी का कहना है कि वह रूपनगर चौराहा, बांगड़दा रोड पर खड़ा था, तभी वरुण वहां पहुंचा और पुराने मामले में रिपोर्ट लिखाने को लेकर विवाद करने लगा. विरोध करने पर आरोपी ने चाकू से सीने पर दो वार कर दिए. इधर, दूसरे पक्ष ने भी पलटवार करते हुए शिकायत दर्ज कराई है. विद्या पैलेस निवासी वरुण पंवार ने थाने में बताया कि वह सामान लेने के लिए रूपनगर चौराहा पहुंचा था, जहां त्रिलोक और बंटी चौहान ने उसे गालियां दीं और लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया. पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर अलग-अलग केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## अवैध गांजा बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सीधी.** खड्डी पुलिस ने अवैध गांजा बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर 6 किलो गांजा समेत 1 लाख 10 हजार 424 रूपए का मसरूका जब्त किया है. पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में चौकी प्रभारी खड्डी सउनि नीरज साकेत एवं खड्डी पुलिस ने कार्रवाई कर अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है. ग्राम रिमारी निवासी पुष्पेन्द्र नामदेव अपने घर में अवैध रूप से गांजा बेच रहा है. सूचना पर तत्काल रेड की गई.